Literacy for a Billion

Movie: Namak Halaal
Year: 1982

Song: Aaj Rapat Jaye Toh
Lyricist: Anjaan

अरे अरे अरे
ना ना ना ...

आज रपट जाएँ
तो हमें ना उठैयो
आज फिसल जाएँ
तो हमें ना उठैयो
हमें जो उठैयो तो
हमें जो उठैयो तो
खुद भी रपट जैयो
हाँ खुद भी फिसल जैयो

आज रपट
आ हा
आज रपट जाएँ
तो हमें ना उठैयो

बरसात में थी कहाँ बात ऐसी
पहली बार बरसी बरसात ऐसी
बरसात में थी कहाँ बात ऐसी
पहली बार बरसी बरसात ऐसी
कैसी ये हवा चली
हा
पानी में आग लगी
हा
जाने क्या प्यास जगी रे
भीगा ये तेरा बदन
हा
जगाए मीठी चुभन

हा
नशे में झूमे ये मन रे
कहाँ हूँ मैं मुझे भी ये
होश नहीं आ ...
आ हा ओ हो
आ हा ओ हो

आज बहक जाएँ तो
होश ना दिलैयो
आज बहक जाएँ तो
होश ना दिलैयो
होश जो दिलैयो तो
होश जो दिलैयो तो
खुद भी बहक जैयो
आज रपट
आ हा
आज रपट जाएँ
तो हमें ना उठैयो

बादल में बिजली
बार बार चमके
दिल में मेरे
पहली बार चमके
बादल में बिजली
बार बार चमके
दिल में मेरे
पहली बार चमके

हसीना डरी डरी

हा
बाँहों में सिमट गई
हा
सीने से लिपट गई रे
तुझे तो आया मज़ा
हा
तुझे तो सूझी हँसी
हा
मेरी तो जान फँसी रे
जानेजिगर किधर चली
नज़र चुराके
आ हा ओ हो
आ हा ओ हो

बात उलझ जाए तो
तो आज ना सुलझैयो
बात उलझ जाए तो
तो आज ना सुलझैयो
बात जो सुलझैयो तो
बात जो सुलझैयो तो
खुद भी उलझ जैयो

आज रपट
आ हा
आज रपट जाएँ
तो हमें ना उठैयो

बादल से छम छम
शराब बरसे
साँवरी घटा से
शबाब बरसे

बादल से छम छम
शराब बरसे
हाँ साँवरी घटा से
शबाब बरसे
बूँदों की बजी पायल
हा
घटा ने छेड़ी ग़ज़ल
हा
ये रात गई मचल रे
दिलों के राज़ खुले
हा
फ़िज़ा में रंग घुले
हा
जवाँ दिल खुल के मिले रे
होना था जो
हुआ वही
अब डरना क्या

आ हा ओ हो
आ हा ओ हो

आज डूब जाएँ तो
हमें ना बचैयो
आज डूब जाएँ तो
हमें ना बचैयो
हमें जो बचैयो तो
हमें जो बचैयो तो
खुद भी डूब जैयो

आज रपट
आ हा
आज रपट जाएँ

तो हमें ना उठैयो

आज फिसल जाएँ

तो हमें ना उठैयो
आ हा ओ हो
आ हा ओ हो

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.